कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-05/2024 **दिनांक 13/07/2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्य़ाःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 12.07.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा (IS-191) गैंग का सरगना मुख्तार अंसारी(मृतक)का सहयोगी व 82 CrPC का उदघोषित अपराधी तथा 25,000 रुपये का इनामिया अपराधी को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान व वाँछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में प्रभारी निरीक्षक

श्री पवन उपाध्याय के कुशल नेतृत्व मे

मा0 न्यायालय द्वारा 82 CrPC में उदघोषित अपराधी व 25,000 रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी सम्बंधित मु0अ0सं0 23/2023 धारा 147/148/149/302/34 IPC में वांछित/ फरार अभियुक्त सुरेन्द्र शर्मा पुत्र इन्द्राशन निवासी वार्ड नं0 17 युसुफपुर थाना मु0बाद जनपद गाजीपुर को मुखबिर खास की सूचना पर युसुफपुर रेलवे स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग ऐरिया के पास से दिनांक 12.07.2024 को समय करीब 10.15 बजे गिरफ्तारस कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। संश्रय देने वाले के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-

01. सुरेन्द्र शर्मा पुत्र इन्द्राशन निवासी वार्ड नं0 17 युसुफपुर थाना मु0बाद जनपद गाजीपुर

आपराधिक इतिहासः-

01. मु0अ0सं0 23/2023 धारा 147/148/149/302/34 IPC थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर
02. मु0अ0सं0 369/2021 धारा 120B/177/419/420/467/468/471/504 भादवि थाना कोतवाली जनपद बाराबंकी
03. म0अ0सं0 287/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली जनपद बाराबंकी

02. थाना कोतवाली पुलिस द्वारा जिला अस्पताल मे चोरी करने वाली अभियुक्ता जिसके पास से चोरी का 6000 रुपये बरामद को किया गया गिरफ्तार ।

आज दिनांक 12.07.2024 को आगन्तुक आनन्द प्रकाश पुत्र चौथी राम ग्राम कुसुम्ही कला थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उपस्थित थाना आकर प्रकट किये कि मै अपने भाई के इलाज हेतु जिला अस्पताल गाजीपुर में

ईलाज के लिए पर्ची बनवाने के लिए लाइन में लगा था , तभी एक महिला द्वारा मेरे जेब से 6000 रूपये चोरी कर लिया गया। तत्काल महिला के पास से चोरी के पैसे बरामद कर लिया गया। बरामद शुदा स्वयं के चोरी गये 6000 रूपये (500-500 के 12 नोट) मय एक नफर महिला अभियुक्ता चन्दा देवी पत्नी दीना यादव निवासी सहबाज कुली थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को लेकर थाना हाजा उपस्थित आये है। इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए। वादी की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर चोरी गये रुपये व महिला अभियुक्ता को नियमानुसार कब्जा पुलिस मे लेकर कार्यवाही करते हुए बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 296/2024 धारा धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 बनाम चन्दा देवी उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता का नाम पता

चन्दा देवी पत्नी दीना यादव निवासी सहबाज कुली थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 48 वर्ष

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास

मु0अ0सं0 296/24 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर